दैनिक जागरण 06/06/2025

जीएमएन कालेज आफ नर्सिंग में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज आफ नर्सिंग में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस उपलक्ष में प्राचार्य रामलखन माली सहित अन्य टीचिंग एंड नान टीचिंग स्टाफ ने कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पर्यावरण दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और उसे बचाने के महत्व के बारे में बताते हुए जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ सभी को प्रोत्साहित किया। इस दौरान पीपल, बरगद एवं अनेक हर्बल पौधे रोपित किए गए। इसी तरह कालेज की एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा पर्यावरण दिवस पर जागरूकता रैली निकाली।

विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते हुए। • सौजन्य विज्ञप्ति